

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणा:–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

विशद वास्तु विधान

कृतिकार :
परम पूज्य आचार्यश्री
विशदसागर जी महाराज

प्राप्ति स्थान :
विशद साहित्य केन्द्र
श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, कुआँ वाला,
जैनपुरी रेवाड़ी (हरियाणा)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

विशद
वास्तु विधान



मध्य वलय – ह्रीं
प्रथम कोष्ठ – 10
द्वितिय कोष्ठ – 9
तृतिय कोष्ठ – 9
चतुर्थ कोष्ठ – 8
पंचम कोष्ठ – 13
षष्ठम कोष्ठ – 13
अन्तिम वलय – 49

रचयिता : प.पू. आचार्य विशदसागरजी महाराज

कृति – **विशद वास्तु विधान**

कृतिकार – प.पू. साहित्य रत्नाकर, क्षमामूर्ति
आचार्य श्री 108 विशदसागरजी महाराज

संस्करण – द्वितीय-2017 ● प्रतियाँ :1000

संकलन – मुनि श्री 108 विशालसागरजी महाराज

सहयोग – आर्यिका 105 श्री भक्तिभारती, क्षुल्लक 105 श्री विसोमसागरजी
क्षुल्लिका 105 श्री वात्सल्य भारती

संपादन – ब्र. ज्योति दीदी (9829076085) आस्था दीदी
सपना दीदी, आरती दीदी

सम्पर्क सूत्र – 09829127533, 09829076085

प्राप्ति स्थल – 1. सुरेश जी सेठी,
पी-958, गली नं. 3, शांति नगर, जयपुर मो. 9413336017
2. विशद साहित्य केन्द्र
उ/ श्री दिगम्बर जैन मंदिर, कुआँ वाला जैनपुरी
रेवाड़ी (हरियाणा) प्रधान ● मो.: 09416882301
3. लाल मंदिर, चाँदनी चौक, दिल्ली
4. जय अरिहन्त ट्रेडर्स, 6561, नेहरू गली, गाँधी नगर, दिल्ली
मो. 9818115971

मूल्य – 51/- रु. मात्र

–: अर्थ सौजन्य : –
स्व. श्रीमती विद्या देवी ध.प. श्री महावीर प्रसाद जी जैन
की पुण्य स्मृति में
पुत्र धनेन्द्र कुमार, विपुल कुमार, नीरु जैन, पलक जैन,
गुड़गाँव (हरियाणा) मो. 9212388850

मुद्रक : राजू ग्राफिक आर्ट (संदीप शाह), जयपुर ● फोन : 2313339, मो.: 9829050791

गुरु–भक्ति

जिनागम में आचार्य भगवन्तों ने दो प्रकार की शक्ति अथवा कारण कहे हैं जो किसी भी कार्य की पूर्णता में अनिवार्य होते हैं– एक उपादान कारण, दूसरा निमित्त कारण। इनमें से उपादान तो स्वाश्रित होता है, जबकि निमित्त पराश्रित। उन निमित्तों के दो भेद कहे गये– (1) सहायक निमित्त अथवा प्रेरक निमित्त, (2) उदासीन निमित्त।

उपादान व निमित्त दोनों मिलकर कार्य की सिद्धि करते हैं, गुरु प्रेरक निमित्त होते हैं जो मात्र सन्मार्ग हित का मार्ग दिखाते ही नहीं बल्कि श्रावकों को प्रभु से मिलाने की राह दिखाते अथवा साधन भी देते हैं। अपने अनमोल समय को निकालकर एक नहीं अनेकों विधानों की लड़ी लगा दी और भी साहित्य का सर्जन किया। इसी श्रृंखला में 'वास्तु विधान' का सरल सुन्दर शब्दों की माला बनाकर तैयार की क्योंकि आज सभी अपनी–अपनी समस्याओं से ग्रसित हैं। आप सभी जानते हैं सूर्य, चन्दा, ग्रह, नक्षत्र, तारे आदि अपना असर जरुर दिखाते हैं, कभी राशि पर आते हैं, तो कभी मकान, दुकान, फैक्ट्री, रसोई, बैडरुम इत्यादि तैयार कर लेते हैं। बाद में वास्तु दोष मालूम पड़ता है तब बड़े चिन्तित होते हैं। उसके निवारण के लिए गुरुदेव ने सभी समस्याओं को समझकर 'वास्तु दोष विधान' की रचना की। आप सभी इन दोषों को दूर करने हेतु गृहों, दुकान, फैक्ट्री आदि में विधि अनुसार कर पुण्य लाभ कर समस्याओं से मुक्त हो सकते हैं।

गुरु भक्ति के झरने जहाँ बहा करते हैं, उसी दिशा में गुण समूह का प्रवाह होता है। भक्ति वह सेतु है जो गुण ग्राह्यता जैसा महान् गुण जीवन में उत्पन्न करती है। मूलाचार में कुन्दकुन्द देव ने कहा है : **'आयरिय पसायेण विज्जा मंताय सिज्झन्ति'** अर्थात् गुरु भक्ति उनके प्रसाद, उनकी प्रसन्नता से दी विद्या व मंत्र की सिद्धि होती है। गुरु भक्ति ही सफलता और जीवन का आधार है। ऐसे जीवन के आधार बिन्दु गुरुदेव परम पूज्य क्षमामूर्ति प्रातः स्मरणीय आचार्य 108 श्री विशदसागरजी महाराज के चरणों में त्रय भक्तिपूर्वक नमोस्तु।

अंतिम भावना : भद्र बाहु सम गुरु हमारे हमें भद्रता दो।
रत्नत्रय संयम की शुचिता हृदय सरलता दो।।
चन्द्रगुप्त सी गुरु सेवा का पाठ हृदय भर दो।
मेरा अन्तिम मरण समाधि तेरे दर पर हो।।

–ब्र. सपना दीदी (संघस्थ आचार्य विशदसागर)

गृह विज्ञान – वास्तु शिल्प – ज्ञानानंद

भारतीय दर्शनों में ज्योतिष मंत्र–तंत्र के साथ वास्तु शिल्प शास्त्र का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। जिस प्रकार ग्रह–राशि आदि का प्रभाव मानव जीवन में प्रतिफलित होता है ठीक उसी प्रकार मकान, दुकान, फैक्ट्री एवं कृषि भूमि प्लॉट आदि के आकार प्रकार दिशा–विदिशा का प्रभाव मानव जीवन पर स्पष्ट परिलक्षित होता है। किसी–किसी मकान, दुकान, फैक्ट्री के माध्यम से मानव लखपति से खाकपति और किसी–किसी के माध्यम से खाकपति से लखपति हो जाता है। ऐसा कहते अनेकों महानुभावों से सुना है कि जब से इस मकान, दुकान, फैक्ट्री में आए हैं तब से आनन्द ही आनन्द है या संकटों के बादल मँडरा रहे हैं। यह सब क्या है ? क्या मकान, दुकान, फैक्ट्री किसी का अच्छा बुरा करते हैं ? शिल्प वास्तु–विज्ञान की दृष्टि से मकान, दुकान, फैक्ट्री तो किसी का अच्छा–बुरा नहीं करते परन्तु गलत दिशा में गलत तरीके से बना हुआ मकान–दुकान विनाश का कारण बन जाता है और सही तरीके से वास्तुशिल्प शास्त्र के अनुसार बने मकान–दुकान फैक्ट्री आदि विकास के कारण बन जाते हैं। अपनी एवं अपने परिवार की उन्नति चाहने वाले महानुभावों का सर्वोपरि कर्त्तव्य है कि कोई भी जमीन, जायदाद, प्लॉट, मकान, दुकान खरीदने से या निर्माण कराने से पूर्व किसी वास्तु, शिल्प शास्त्र विशेषज्ञ से सलाह कर लें।

वास्तुकला इस पृथ्वी पर किसी भी वास्तु को बनाने या स्थापित करने का वह विज्ञान है, जिसमें दिशा, आकार व स्थिति निर्धारण को ध्यान में रखते हुए सुख–समृद्धि व शान्ति प्राप्त की जा सके।

आधार– वास्तु शिल्प कला अत्यन्त प्राचीन है। इसका उद्भव केवली भगवान की निर्विवाद वाणी से हुआ है। इसका संरक्षण अनेकों ऋषि–महर्षियों ने परोपकार की भावना से किया है। वास्तु शिल्प कला वैज्ञानिक शास्त्र है। यह विज्ञान पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र, सूर्य की किरणों, वायु प्रवाह, विद्युतीय क्षेत्र, दिशाओं, गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त, ज्योतिष–शास्त्रों पर आधारित है। इसके साथ भूमि भवन या दुकान फैक्ट्री के स्वामी की जन्म–पत्रिका का भी सही समन्वय अत्यन्त आवश्यक है।

दिशायें–वास्तु शास्त्र में दस दिशाओं की विवेचना है, उन दसों दिशाओं के नाम हैं– पूर्व, आग्नेय, दक्षिण, नैऋत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर, ईशान, ऊर्ध्व एवं अधो। इन दिशाओं का अपना–2 महत्त्व है। इनके आधार पर ही भूखण्ड की स्थिति, मुख्य द्वार, मार्ग स्थिति, विभिन्न गृहों अर्थात् शयनगृह, रसोईगृह, स्नान गृह, स्वाध्याय, पूजन गृह एवं आँगन आदि की स्थिति निर्भर करती है।

भूमि का आकार–वर्गाकार (चौकोर) एवं आयताकार या उत्तर दक्षिण लम्बी भूमि शुभ होती है। त्रिकोण, पंचकोण, षट्कोण, अष्टकोण, बहुकोणी या गोल, असमान

आकार, विकृत आकार वाली भूमि अशुभ मानी गयी है। शुभ भूमि पर किये हुए सभी कार्य (भवन निर्माण आदि) शुभ फलप्रद होते हैं एवं अशुभ भूमि पर किये हुए निर्माण आदि कार्य अशुभ फलप्रद, नूतन झंझट, अशांति एवं उपसर्ग पैदा करने वाले होते हैं।

मकान निर्माण–शुभ चौकोर आयताकार प्लाट में यदि किसी को अपना मकान बनवाना हो तो नक्शा (मेप) बनवाते समय ध्यान रखें कि ध्यान, स्वाध्याय, पूजा कक्ष उत्तर पूर्वीय कोना अर्थात् ईशान कोण में।

रसोई कक्ष–दक्षिण व पूर्वीय कोना अर्थात् आग्नेय कोण में।

शयन कक्ष–दक्षिण भाग या पश्चिमी कोना अर्थात् नैऋत्य कोण में।

स्नान कक्ष–उत्तर या पूर्व भाग में।

शौचालय–पश्चिम या दक्षिण भाग में अर्थात् रसोई कक्ष के पश्चिम भाग में।

जीना–मकान निर्माण में जीने का भी महत्त्व है। जीना पूर्व से पश्चिम या उत्तर से दक्षिण घड़ी चाल से होना चाहिए। जीने का प्रारम्भ एवं अन्त पूर्व दिशा में नहीं होना चाहिए। सीढ़ियों की गणना विषम परन्तु 19 और 29 नहीं होनी चाहिए।

भण्डारकक्ष–खाना या भण्डार कक्ष घर के उत्तर भाग में होना चाहिए। मकान का मुख्य द्वार पूर्व या उत्तरमुखी होना चाहिए। मकान बनाते समय यह भी ध्यान रखें कि भूखण्ड विशाल है, तो दक्षिण एवं पश्चिम दिशा में निर्माण कार्य प्रारम्भ करें तथा मकान दक्षिण पश्चिम का सिरा ऊँचा होना चाहिए।

आपके द्वारा खरीदे या बनाये हुए मकान, दुकान, फैक्ट्री आदि का आपके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, सुख–समृद्धि, सामाजिक प्रतिष्ठा, व्यापार तथा शान्ति पर प्रभाव पड़ता है, अतः या तो वास्तुशिल्प शास्त्र का स्वयं अध्ययन करें या किसी सुयोग्य वास्तु शिल्प कला विशेषज्ञ से सलाह लेकर ही भूखण्ड खरीदें अथवा निर्माण कार्य प्रारम्भ करें। यदि सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहते हैं, धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष पुरुषार्थ की सिद्धि करना चाहते हैं तो।

कतिपय मनीषियों का कहना है कि जो भी होता है वह भाग्य के अनुसार होता है, भाग्योदय होने पर सर्वत्र आनन्द ही आनन्द परिलक्षित होता है। भाग्य विपरीतता में सभी मंत्र–तंत्र, वास्तु विज्ञान रखे रह जाते हैं। ऐसी मान्यता सर्वथा एकान्त है, भाग्योदय में भी वास्तु शास्त्र का पूरा–पूरा प्रभाव पड़ता है, वह बात अलग है कि अति पुण्यशाली इसका अनुभव न कर पाएँ। अतः यथार्थ में ही लौकिक सुख–शान्ति चाहते हो तो वास्तुशास्त्र का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

फैक्ट्री–फैक्ट्री में मीटर आग्नेय कोण एवं भारी मशीनें दक्षिण या पश्चिम में होनी चाहिए। कार्यालय पूर्व या उत्तर में श्रेष्ठ होता है।

वास्तु दोष निवारण

आपको भूखण्ड खरीदना है या भवन, फैक्ट्री आदि का निर्माण कराना है तो विधि एवं वास्तु विशेषज्ञों से परामर्श के अनन्तर ही लेना या बनवाना चाहिए। यदि आपका मकान या प्रतिष्ठान, पूर्व से ही निर्मित है और उसमें ऐसे अनेकों वास्तु दोष विद्यमान है जिनके कारण आपको अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो ऐसी परिस्थितियों में मकान या प्रतिष्ठान में बिना तोड़फोड़ किए ही वास्तु दोषों का निवारण किया जा सकता है।

वास्तु दोष निवारण में वास्तु विधान, हवन, यंत्र जाप्यानुष्ठान, मंगल द्रव्य, शुभ चिह्न, यंत्र एवं मंगल कलश स्थापन का विशेष महत्त्व है।

वास्तु विधान– भूमिपूजन, शिलान्यास, गृह प्रवेश शुभारम्भ के अवसर पर वास्तु शुद्धि विधान नियम से कराना चाहिए। रक्षाबंधन या दीपावली आदि शुभ अवसरों पर प्रतिवर्ष अपने घर या प्रतिष्ठानों में एक मंगल कलश की स्थापना करानी चाहिए। जिससे सामान्य दोष स्वाभाविक रूप से परिसमाप्त हो जाएंगे।

बिना तोड़–फोड़ के उपाय– यदि आपका भवन पुराना बना है और उसमें अनेकों ऐसे वास्तु सम्बन्धित दोष हैं, जिनके कारण आपको अनेकों कठिनाइयाँ सहन करनी पड़ती हैं, कभी व्यापार से मन परेशान है, तो कभी गृहयुद्ध नींद हराम कर देता है तो कभी ऐसी बीमारियाँ घर में प्रवेश कर जाती हैं जो मन, तन एवं धन सभी को विकल बना देती हैं।

कतिपय वास्तु दोषों के निवारण का उपाय यहाँ प्रतिपादित किया जा रहा है। विश्वास है यथाविधि करने पर सभी श्रद्धालुओं को लाभ अवश्य मिलेगा।

दिशा दोष– आपके भवन या प्रतिष्ठान का मुख पूर्व, उत्तर एवं ईशान दिशा को छोड़कर शेष आग्नेय, दक्षिण, नैऋत्य, पश्चिम एवं वायव्य में है तो घर में किसी का विवाह होने से पूर्व या भगवान पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव श्रावण शुक्ला सप्तमी की शुभ बेला में वास्तुशुद्धि विधान, चौबीस घंटे का भक्तामर या णमोकार मंत्र का अखण्ड पाठ तथा संकटमोचक शान्ति विधान कराकर मुख्य दरवाजे के दोनों ओर नन्दावर्त स्वास्तिक शुद्ध घी एवं सिन्दूर से सुहागिन माता, बहनों से बनवाकर दरवाजे के ऊपर बीचोंबीच में 'ॐ' प्रतीक चिह्न या कलश बना दें जिससे दिशा–विदिशा सम्बन्धित समस्त वास्तुदोष निष्फल हो जायेंगे। सभी प्रतिकूलताएँ अनुकूलता में परिवर्तित हो जायेंगी।

स्थान दोष–भवन या प्रतिष्ठान यथास्थान पर निर्मित न हुआ हो या

मकान के अन्दर पूजनस्थल, बैडरूम, अतिथि कक्ष, अध्ययन कक्ष, रसोईघर, जीना, स्नानगृह, शौचालय आदि यथास्थान पर निर्मित न हुए हों और परिवर्तन भी सम्भव न हो तो वास्तु शुद्धि विधान कराकर चन्द्रबिन्दु युक्त अठकोण स्वस्तिक चाँदी या ताँबे का बनवाकर दीवार के अन्दर लगवा दें। सम्भव हो तो दरवाजे के समक्ष एक दर्पण लगा दें। सभी दोष परिवर्तित हो जाएंगे।

पूजन, अतिथि एवं अध्ययन कक्षों में भगवान, गुरुदेव, महापुरुष, मंदिर, शुभ चिह्न एवं हरे-भरे बाग-बगीचा, प्राकृतिक सौन्दर्य के चित्र लगाने चाहिए। चित्र खराब होने पर अग्नि या स्वच्छ पानी में समर्पित करना चाहिए। हिंसक एवं अशुभ चित्र घर में कभी भी नहीं लगाना चाहिए।

प्रवेश द्वार के समक्ष स्वागत की मुद्रा में सुहागवती महिला या पुरुष का चित्र लगाना चाहिए। जूते एवं झाड़ू घर के बाहरी भाग में छिपाकर पर्दे के अन्दर रखना चाहिए।

खड़ी झाड़ू एवं उल्टे जूते-चप्पल दरिद्रता, रोग एवं दुर्घटना के प्रतीक हैं।

रसोई के अन्दर जूते-चप्पल ले जाना अशुभ है। जूते-चप्पल पहनकर भोजन करने वालों का प्रभु भजन में मन नहीं लग सकता।

विशेष-किसी भी भूखण्ड, भवन या प्रतिष्ठान में प्रवेश करते ही मन प्रसन्न हो जाए, शुभ संकेत मिलें तो वास्तु के दोष होने पर भी आपके लिए वह स्थान शुभ है। अगर प्रवेश करते ही अशुभ संकेत मिलें, खरीदते ही मन खराब हो जाए तो ऐसे स्थान को कभी स्वीकार नहीं करना चाहिए।

भूखण्ड भवन या प्रतिष्ठान में पहले दाँया पैर रखकर प्रवेश करना चाहिए।

द्वारमान-(1) जघन्य मान (2) मध्यम मान (3) ज्येष्ठ मान। चौड़ाई जितने हाथ है उसमें 60 अंगुल जोड़कर जो माप आवे वह मध्यम मान है। 50 अंगुल जोड़ने में जघन्यमान और 70 अंगुल जोड़ने में ज्येष्ठ मान की चौड़ाई वाला द्वार माना गया है।

आय ज्ञान- दीवार के अन्दर की भूमि की लम्बाई **X** चौड़ाई **÷** 8 में 1 2 3 4 5 6 7 8 अंक आने पर क्रमशः ध्वज, धूम, सिंह, श्वान, वृष, खर, गज, हवोक्ष कही जाती है।

यथाशक्ति उपरोक्त वास्तु नियमों का पालन कर एवं वास्तु विधान कर जीवन को खुशहाल बनाऐं।

संकलन-मुनि विशालसागर

(पूजन की थाली में निम्नलिखित श्लोक बोलते हुए स्वस्तिक बनायें व अंक लिखें-)

3

2 卐 24

5

श्लोक- **रयणत्तयं च वंदे चउवीस जिणे च सव्वदा वंदे।**
पञ्च गुरुणां वंदे चारण-चरणं च सव्वदा वंदे।।

मंगलाष्टक

-आचार्य श्री विशदसागरजी महाराज

पूजनीय इन्द्रों से अर्हत्, सिद्ध क्षेत्र सिद्धी स्वामी।
जिन शासन को उन्नत करते, सूरी मुक्ती पथगामी।।
उपाध्याय हैं ज्ञान प्रदायक, साधू रत्नत्रय धारी।
परमेष्ठी प्रतिदिन पापों के, नाशक हों मंगलकारी।।1।।
नमित सुरासुर के मुकुटों की, मणिमय कांति शुभ्र महान्।
प्रवचन सागर की वृद्धि को, प्रभु पद नख हैं चंद्र समान।।
योगी जिनकी स्तुति करते, गुण के सागर अनगारी।
परमेष्ठी प्रतिदिन पापों के, नाशक हों मंगलकारी।।2।।
सम्यक् दर्शन ज्ञान चरण युत, निर्मल रत्नत्रयधारी।
मोक्ष नगर के स्वामी श्री जिन, मोक्ष प्रदाता उपकारी।।
जिन आगम जिन चैत्य हमारे, जिन चैत्यालय सुखकारी।
धर्म चतुर्विध पंच पाप के, नाशक हों मंगलकारी।।3।।
तीन लोक में ख्यात हुए हैं, ऋषभादि चौबिस जिनदेव।
श्रीयुत द्वादश चक्रवर्ति हैं, नारायण नव हैं बलदेव।।
प्रति नारायण सहित तिरेसठ, महापुरुष महिमाधारी।
पुरुष शलाका पंच पाप के, नाशक हों मंगलकारी।।4।।

जया आदि हैं अष्ट देवियाँ, सोलह विद्यादिक हैं देव।
श्रीयुत तीर्थंकर के माता–पिता यक्ष–यक्षी भी एव ।।
देवों के स्वामी बत्तिस वसु, दिक् कन्याएँ मनहारी।
दश दिक्पाल सहित विघ्नों के, नाशक हों मंगलकारी।।5।।
सुतप वृद्धि करके सर्वौषधि, ऋद्धी पाई पञ्च प्रकार।
वसु विधि महा निमित् के ज्ञाता, वसुविधि चारण ऋद्धीधार।।
पंच ज्ञान तिय बल भी पाये, सप्त बुद्धि ऋद्धीधारी।
ये सब गण नायक पापों के, नाशक हों मंगलकारी।।6।।
आदिनाथ स्वामी अष्टापद, वासुपूज्य चंपापुर जी।
नेमिनाथ गिरनार गिरि से, महावीर पावापुर जी।।
बीस जिनेश सम्मेदशिखर से, मोक्ष विभव अतिशयकारी।
सिद्ध क्षेत्र पांचों पापों के, नाशक हों मंगलकारी।।7।।
व्यंतर भवन विमान ज्योतिषी, मेरु कुलाचल इष्वाकार।
जंबू शाल्मलि चैत्य वृक्ष की, शाखा नंदीश्वर वक्षार।।
रूप्यादि कुण्डल मनुजोत्तर, में जिनगृह अतिशयकारी।
वे सब ही पाँचों पापों के, नाशक हों मंगलकारी।।8।।
तीर्थंकर जिन भगवंतों को, गर्भ जन्म के उत्सव में।
दीक्षा केवलज्ञान विभव अरु, मोक्ष प्रवेश महोत्सव में।।
कल्याणक को प्राप्त हुए तब, देव किए अतिशय भारी।
कल्याणक पाँचों पापों के, नाशक हों मंगलकारी।।9।।
धन वैभव सौभाग्य प्रदायक, जिन मंगल अष्टक धारा।
सुप्रभात कल्याण महोत्सव, में सुनते–पढ़ते न्यारा।।
धर्म अर्थ अरु काम समन्वित, लक्ष्मी हो आश्रयकारी।
मोक्ष लक्ष्मी 'विशद' प्राप्त कर, होते हैं मंगलकारी।।10।।

।। इति मंगलाष्टकम् ।।

अमृत यंत्राभिषेक *(स्थापना)*

प्रासुक निर्मल नीर गंध से, श्रेष्ठ कलश भर लाए हैं।
करने यंत्राभिषेक यहाँ पर, निर्मल भाव बनाए हैं।।
तीन लोक के स्वामी जिनवर, जिनवाणी का करें प्रकाश।
बीज मंत्र युत यंत्र जीव के, करता है विघ्नों का नाश।।

अभिषेक मंत्रह्रॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं झं झं क्ष्वीं क्ष्वीं क्ष्वीं क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतर जलेन यंत्रमभिषेचयामि स्वाहा। (यह पढ़कर अभिषेक करें।)

विनायक यंत्र पूजा

स्थापना

पञ्च परम परमेष्ठी पावन, मंगल कहे गए हैं चार।
चार लोक में उत्तम गाए, शरण चार हैं अपरम्पार।।
विघ्न विनाशन हेतू सबका, करते हैं हम आह्वानन।
आओ तिष्ठो हृदय हमारे, कृपा करो तुम हे ! भगवन।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूताः ! अत्र अवतर–अवतर संवौषट् आह्वानन्। अत्र तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्थापनं, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरण।

गंगा जल को प्रासुक करके, धारा तीन कराएँ।
जन्म–जरा–मृत्यु विनाशकर, मोक्ष महल को जाएँ।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिर का चन्दन घिसकर , केसर साथ मिलाएँ।
भव सन्ताप नाश हो मेरा, विशद भावना भाएँ।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

उज्ज्वल अक्षत् धोकर उसके, अनुपम पुञ्ज बनाएँ।
अक्षत पद पाएँ हम दाता, जग में न भटकाएँ।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

रंग बिरंगे पुष्प निराले, लेकर थाल भराएँ।
काम रोग नश जाए हमारा, आत्म विशुद्धि पाएँ।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

लड्डू बावर फेनी आदि, मीठे सरस बनाएँ।
क्षुधा वेदनी नाश हेतू शुभ, भर–भर थाल चढाएँ।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामिति स्वाहा।

घृत की ज्योति जला दीपक में, मोह महातम नाशें ।
भेद ज्ञान के द्वारा अनुपम, आतम ज्ञान प्रकाशें।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट कर्म ने हमें सताया, दु:ख सहे अतिभारी।
धूप जलायें कर्मनाश को, आई हमारी बारी।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

केला सेव नारंगी पिस्ता, के यह थाल भराए।
मोक्ष महाफल पाने को यह, चरणों आज चढ़ाए।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, यहाँ चढ़ाने लाए।
पद अनर्घ पाने को हम भी, आज शरण में आए।।
अष्टम वसुधा पाने को हम, जिनवर के गुण गाएँ।
आतम शुद्धि करके हम भी, शिव पदवी को पाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा मंगलोत्तमशरणभूत–जिनेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येक अर्घ्य

जिनने कर्म घातिया नाशे, केवलज्ञान प्रकाश किया।
दोष अठारह से विरहित हो, निज स्वभाव में वास किया।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, उनके चरण चढ़ाते हैं।
अर्हन्तों के श्री चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।।1।।

ॐ ह्रां अनन्तचतुष्टयादि लक्ष्मीविभ्रतेऽर्हत्परमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट कर्म का नाश किए फिर, अष्ट सुगुण प्रगटाए।
ज्ञान शरीरी हुए महाप्रभु, अष्टम वसुधा को पाए।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, उनके चरण चढ़ाते हैं।
जिन सिद्धों के श्री चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।।

ॐ ह्रीं अष्टकर्मकाष्ठ–भस्मीकुर्वते सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शिक्षा दीक्षा देने वाले, पालन करते पञ्चाचार।
छत्तिस मूलगुणों के धारी, मुक्ती पथ के हैं आधार।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, उनके चरण चढ़ाते हैं।
जैनाचार्यों के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।।

ॐ ह्रूँ पञ्चाचार–परायणायाचार्य–परमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ग्यारह अंग पूर्व चौदह के, पाठी मुनिवर रहे महान्।
पच्चिस मूलगुणों के धारी, उपाध्याय हैं जगत प्रधान।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य, बनाकर उनके चरण चढ़ाते हैं।
उपाध्यायों के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।।

ॐ ह्रौं द्वादशांग-पठनपाठनोद्यताय उपाध्याय-परमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विषयों की आशा के त्यागी, हैं आरम्भ परिग्रह हीन।
रत्नत्रय के धारी मुनिवर, ज्ञान ध्यान तप रहते लीन।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, उनके चरण चढ़ाते हैं।
सर्व साधुओं के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।।

ॐ ह्रः त्रयोदश-प्रकारचारित्राराधकसाधु-परमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(तर्ज: नशे घातिया.....)

कर्म घातिया नाश किए प्रभु, अर्हत् पदवी पाए।
केवलज्ञान जगाने वाले, मंगल प्रथम कहाए।।
मंगलमय पद पाने वाले, मंगलमय कहलाते।
चरण कमल में शीश झुकाकर, पावन अर्घ्य चढ़ाते।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मंगलायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

त्रिविध कर्म से रहित हुए हैं, आठों कर्म नशाए।
सिद्ध शिला पर धाम बनाया, मंगल सिद्ध कहाए।।
मंगलमय पद पाने वाले, मंगलमय कहलाते।
चरण कमल में शीश झुकाकर, पावन अर्घ्य चढ़ाते।।

ॐ ह्रीं सिद्धमंगलायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समता भाव धारने वाले, रत्नत्रय के धारी।
सहते हैं उपसर्ग परीषह, साधु मंगलकारी।।
मंगलमय पद पाने वाले, मंगलमय कहलाते।
चरण कमल में शीश झुकाकर, पावन अर्घ्य चढ़ाते।।

ॐ ह्रीं साधुमंगलायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जैन धर्म केवलज्ञानी कृत, जानो जग हितकारी।
सुख शांति सौभाग्य प्रदायक, जग में मंगलकारी।।
मंगलमय पद पाने वाले, मंगलमय कहलाते।
चरण कमल में शीश झुकाकर, पावन अर्घ्य चढ़ाते।।

ॐ ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्म-मंगलायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(तर्ज : नन्दीश्वर श्री जिन धाम.....)

हे लोकोत्तम ! अरहन्त, जग-जन हितकारी।
हो जाए भव का अन्त, भव-भव दुख हारी।।
हम तीन योग से नाथ, चरणों सिर नाते।
भव-भव में पाएँ साथ, भावना यह भाते।।

ॐ ह्रीं अर्हं अर्हन्त लोकोत्तमायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तुम सिद्ध शिला के ईश, शिव सुख के कर्त्ता।
हे लोकोत्तम ! जगदीश, कर्मों के हर्त्ता।।
हम तीन योग से नाथ, चरणों सिर नाते।
भव भव में पाएँ साथ, भावना यह भाते।।

ॐ ह्रीं अर्हं सिद्धलोकोत्तमायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आचार्यादि निर्ग्रंथ रत्नत्रय धारी।
यह लोकोत्तम है संत, अतिशय अविकारी।।
हम तीन योग से नाथ, चरणों सिर नाते।
भव-भव में पाएँ साथ, भावना यह भाते।।

ॐ ह्रीं अर्हं साधुलोकोत्तमायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

केवलज्ञानी उपदिष्ट, जैन धरम जानो।
है लोकोत्तम जग इष्ट, हितकारी मानो।।
हम तीन योग से नाथ, चरणों सिर नाते।
भव-भव में पाएँ साथ, भावना यह भाते।।

ॐ ह्रीं अर्हं केवलिप्रज्ञप्त-धर्मलोकोत्तमायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नरेन्द्र छन्द

शरण श्रेष्ठ है अर्हन्तों की, सारे जग में पावन।
सुख शांति आनन्द प्राप्त हो, जीवन हो मन भावन।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, स्वर्ण पात्र में लाएँ।
शाश्वत् पद पाने को पद में, सादर शीश झुकाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हत्शरणायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्ध शरण है मंगलकारी, हम भी शरणा पाएँ।
कर्म नाशकर अपने सारे, भव में न भटकाएँ।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, स्वर्ण पात्र में लाएँ।
शाश्वत् पद पाने को पद में, सादर शीश झुकाएँ।।

ॐ ह्रीं सिद्धशरणायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जैनाचार्य उपाध्याय साधु, होते पञ्चाचारी।
शरण प्राप्त हो हमको उनकी, पाने पद अविकारी।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, स्वर्ण पात्र में लाएँ।
शाश्वत् पद पाने को पद में, सादर शीश झुकाएँ।।

ॐ ह्रीं साधुशरणायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जैन धर्म केवलज्ञानी कृत, उत्तम शरण कहाये।
पाया नहीं है अब तक हमने, अत: जगत भटकाए।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, स्वर्ण पात्र में लाएँ।
शाश्वत् पद पाने को पद में, सादर शीश झुकाएँ।।

ॐ ह्रीं केवलिप्रज्ञप्त-धर्मशरणायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

परमेष्ठी मंगल हैं उत्तम, चार शरण सुखकारी।
भवि जीवों के लिए अनादि, होते मंगलकारी।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाकर, स्वर्ण पात्र में लाएँ।
शाश्वत् पद पाने को पद में, सादर शीश झुकाएँ।।

ॐ ह्रीं अर्हदादि-सप्तदशमन्त्रेभ्यः समुदायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा- **परमेष्ठी जिन पञ्च हैं, मंगल उत्तम चार।**
शरण चार हैं भक्ति के, परम पूज्य आधार।।

(छन्द चौपाई)

विघ्न विनाशी आप कहाए, नर सुर के स्वामी कहलाए।
अग्रेसर जिनवर को जानो, इष्ट सभी जीवों को मानो।।
अनाद्यनन्त कहा जो भाई, जग में फैली है प्रभुताई।
मम विघ्नों का वारण कीजे, विनती मेरी यह सुन लीजे।।
मुनियों के आधीश कहाए, गणाधीश इस जग में गाए।
स्तुति जिनकी मंगलकारी, सब विघ्नों की नाशनहारी।।
शांति प्रदायक जग में भाई, जिनवर की स्तुति अधिकाई।
कलुषित कली काल के प्राणी, मिथ्यावादी हैं अति मानी।।
भव्य जीव सद्दर्शन पावें, ज्ञान सुधारस सम हो जावें।
पाप पुञ्ज नश जाए सारा, जीवन मंगलमय हो प्यारा।।
यही मान्य गणराज कहाए, जिनकी भक्ति शान्ति दिलाए।
विनय आपकी जो भी धारें, वह सब दोषों को परिहारे।।
नाम आपका जो भी ध्यावें, श्रेष्ठ गुणों को वह पा जावें।
इष्ट सिद्धि हो जावे भाई, यह जिन भक्ति की प्रभुताई।।
जय-जय हो जिनराज तुम्हारी, सर्व गुणों के तुम अधिकारी।
महिमा यहाँ आपकी गाते, पद में सादर शीश झुकाते।।
सुर-गुरु कोटि वर्ष तक गावें, तो भी पूर्ण नहीं कह पावें।
'विशद' अल्प बुद्धि के धारी, वह गुण क्या तुमरे कह पावें।।

सोरठा- **तुम हो सर्व महान्, हम दोषों के कोष हैं।**
किया अल्प गुणगान, अल्पबुद्धि से आपका।।

ॐ ह्रीं अर्हदादि सप्तदश मन्त्रेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा- **बुद्धि अनाकुल होय, धर्म प्रीति जागे परम।**
मोक्ष प्राप्त हो सोय, जैन धर्म को धारकर।।

(पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

विनय पाठ

रचयिता : प.पू. क्षमामूर्ति आचार्य श्री विशदसागरजी महाराज

पूजा विधि के आदि में, विनय भाव के साथ।
श्री जिनेन्द्र के पद युगल, झुका रहे हम माथ।।
कर्मघातिया नाशकर, पाया केवलज्ञान।
अनन्त चतुष्टय के धनी, जग में हुए महान् ।।
दुखहारी त्रयलोक में, सुखकर हैं भगवान।
सुर-नर-किन्नर देव तव, करें विशद गुणगान।।
अघहारी इस लोक में, तारण तरण जहाज।
निज गुण पाने के लिए, आए तव पद आज।।
समवशरण में शोभते, अखिल विश्व के ईश।
ॐकारमय देशना, देते जिन आधीश।।
निर्मल भावों से प्रभु, आए तुम्हारे पास।
अष्टकर्म का नाश हो, होवे ज्ञान प्रकाश।।
भवि जीवों को आप ही, करते भव से पार।
शिव नगरी के नाथ तुम, विशद मोक्ष के द्वार।।
करके तव पद अर्चना, विघ्न रोग हों नाश।
जन-जन से मैत्री बढ़े, होवे धर्म प्रकाश।।
इन्द्र चक्रवर्ती तथा, खगधर काम कुमार।
अर्हत् पदवी प्राप्त कर, बनते शिव भरतार।।
निराधार आधार तुम, अशरण शरण महान्।
भक्त मानकर हे प्रभु ! करते स्वयं समान।।
अन्य देव भाते नहीं, तुम्हें छोड़ जिनदेव ।
जब तक मम जीवन रहे, ध्याऊँ तुम्हें सदैव।।
परमेष्ठी की वन्दना, तीनों योग सम्हाल।
जैनागम जिनधर्म को, पूजें तीनों काल।।
जिन चैत्यालय चैत्य शुभ, ध्यायें मुक्ति धाम।
चौबीसों जिनराज को, करते विशद प्रणाम।।

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

मंगल पाठ

परमेष्ठी त्रय लोक में, मंगलमयी महान्।
हरें अमंगल विश्व का, क्षण भर में भगवान।।1।।
मंगलमय अरहंतजी, मंगलमय जिन सिद्ध।
मंगलमय मंगल परम, तीनों लोक प्रसिद्ध।।2।।
मंगलमय आचार्य हैं, मंगल गुरु उवझाय।
सर्व साधु मंगल परम, पूजें योग लगाय।।3।।
मंगल जैनागम रहा, मंगलमय जिन धर्म।
मंगलमय जिन चैत्य शुभ, हरें जीव के कर्म।।4।।
मंगल चैत्यालय परम, पूज्य रहे नवदेव।
श्रेष्ठ अनादिनन्त शुभ, पद यह रहे सदैव।।5।।
इनकी अर्चा वन्दना, जग में मंगलकार।
समृद्धि सौभाग्य मय, भव दधि तारण हार।।6।।
मंगलमय जिन तीर्थ हैं, सिद्ध क्षेत्र निर्वाण।
रत्नत्रय मंगल कहा, वीतराग विज्ञान।।7।।

पूजन प्रारम्भ

ॐ जय जय जय। नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु।
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।।1।।

ॐ ह्रीं अनादिमूलमंत्रेभ्यो नमः। (पुष्पांजलि क्षेपण करना)

चत्तारि मंगलं अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवलि-पण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवलि पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरिहंते सरणं पव्वज्जामि, सिद्धे सरणं पव्वज्जामि, साहू सरणं पव्वज्जामि, केवलि-पण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा (पुष्पांजलि)

अपवित्रः पवित्रो वा, सुस्थितो दुःस्थितोऽपि वा।
ध्यायेत्पंचनमस्कारं, सर्वपापैः प्रमुच्यते।।1।।

अपवित्र: पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपि वा।
य: स्मरेत्परमात्मानं स बाह्याभ्यन्तरे शुचि:।।2।।
अपराजित-मंत्रोऽयं सर्वविघ्न-विनाशन:।
मङ्गलेषु च सर्वेषु प्रथमं मङ्गलं मत:।।3।।
एसो पञ्च णमोयारो सव्वपावप्पणासणो।
मङ्गलाणं च सव्वेसिं पढमं हवइ मंगलं।।4।।
अर्हमित्यक्षरं ब्रह्म-वाचकं परमेष्ठिन:।
सिद्धचक्रस्य सद्बीजं सर्वत: प्रणमाम्यहं।।5।।
कर्माष्टकविनिर्मुक्तं मोक्षलक्ष्मी निकेतनम्।
सम्यक्त्वादिगुणोपेतं सिद्धचक्रं नमाम्यहं।।6।।
विघ्नौघा: प्रलयम् यान्ति शाकिनी-भूतपन्नगा:।
विषं निर्विषतां याति स्तूयमाने जिनेश्वरे।।7।।

(यहाँ पुष्पांजलि क्षेपण करना चाहिये)

पंचकल्याणक का अर्घ

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीपसुधूपफलार्घकैः।
धवल-मंगल-गान-रवाकुले, जिनगृहे कल्याणमहं यजे।।

ॐ ह्रीं भगवतो गर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाणपंचकल्याणकेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंच परमेष्ठी का अर्घ

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीपसुधूपफलार्घकैः।
धवल-मंगल-गान-रवाकुले, जिनगृहे जिननाथमहं यजे।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत् सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनसहस्रनाम का अर्घ

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीपसुधूपफलार्घकैः।
धवल-मंगल-गान-रवाकुले, जिनगृहे जिननाम यजामहे।।

ॐ ह्रीं श्री भगवज्जिन अष्टोत्तरसहस्रनामेभ्योअर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवाणी का अर्घ

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्पकैश्चरु-सुदीपसुधूपफलार्घकैः।
धवल-मंगल-गान-रवाकुले, जिनगृहे जिनसूत्रमहं यजे।।

ॐ ह्रीं श्रीसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि तत्त्वार्थसूत्रदशाध्याय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इत्याशीर्वादः

स्वस्ति मंगल

श्री मज्जिनेन्द्रमभिवंद्य जगत्त्रयेशं, स्याद्वाद-नायक मनंत चतुष्टयार्हम्।
श्रीमूलसङ्घ-सुदृशां-सुकृतैकहेतु-जैनेन्द्र-यज्ञ-विधिरेष मयाऽभ्यधायि।।
स्वस्ति त्रिलोकगुरुवे जिनपुङ्गवाय, स्वस्ति-स्वभाव-महिमोदय-सुस्थिताय।
स्वस्ति प्रकाश सहजोर्ज्जितदृङ् मयाय, स्वस्तिप्रसन्न-ललिताद्भुत वैभवाय।।
स्वस्त्युच्छलद्विमल-बोध-सुधाप्लवाय; स्वस्ति स्वभाव-परभावविभासकाय;
स्वस्ति त्रिलोक-विततैक चिदुद्गमाय, स्वस्ति त्रिकाल-सकलायत विस्तृताय।।
द्रव्यस्य शुद्धिमधिगम्ययथानुरूपं; भावस्य शुद्धि मधिकामधिगंतुकाम:।
आलंबनानि विविधान्यवलंब्यवल्गन्; भूतार्थयज्ञ-पुरुषस्य करोमि यज्ञं।।
अर्हत्पुराण-पुरुषोत्तम पावनानि, वस्तून्यनूनमखिलान्ययमेक एव।
अस्मिन् ज्वलद्विमलकेवल-बोधवह्नौ; पुण्यं समग्रमहमेकमना जुहोमि।।

ॐ ह्रीं विधियज्ञ-प्रतिज्ञानाय जिनप्रतिमाग्रे पुष्पांजलि क्षिपेत्।

श्री वृषभो न: स्वस्ति; स्वस्ति श्री अजित:।
श्री संभव: स्वस्ति; स्वस्ति श्री अभिनन्दन:।
श्री सुमति: स्वस्ति; स्वस्ति श्री पद्मप्रभ:।
श्री सुपार्श्व: स्वस्ति; स्वस्ति श्री चन्द्रप्रभ:।
श्री पुष्पदन्त: स्वस्ति; स्वस्ति श्री शीतल:।
श्री श्रेयांस: स्वस्ति; स्वस्ति श्री वासुपूज्य:।
श्री विमल: स्वस्ति; स्वस्ति श्री अनन्त:।
श्री धर्म: स्वस्ति; स्वस्ति श्री शान्ति:।
श्री कुन्थु: स्वस्ति; स्वस्ति श्री अरहनाथ:।

श्री मल्लिः स्वस्ति; स्वस्ति श्री मुनिसुव्रतः।
श्री नमिः स्वस्ति; स्वस्ति श्री नेमिनाथः।
श्री पार्श्वः स्वस्ति; स्वस्ति श्री वर्धमानः।

(पुष्पांजलि क्षेपण करें)

नित्याप्रकम्पाद्भुत-केवलौघाः स्फुरन्मनः पर्यय शुद्धबोधाः।
दिव्यावधिज्ञानबलप्रबोधाः स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः।।1।।

(यहाँ से प्रत्येक श्लोक के अन्त में पुष्पांजलि क्षेपण करना चाहिये।)

कोष्ठस्थ-धान्योपममेकबीजं संभिन्न-संश्रोतृ पदानुसारि।
चतुर्विधं बुद्धिबलं दधानाः स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः।।2।।
संस्पर्शनं संश्रवणं च दूरादास्वादन-घ्राण-विलोकनानि।
दिव्यान् मतिज्ञानबलाद्बृहंतः स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः।।3।।
प्रज्ञा-प्रधानाः श्रमणाः समृद्धाः प्रत्येकबुद्धाः दशसर्वपूर्वैः।
प्रवादिनोऽष्टांगनिमित्तविज्ञाः स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः।।4।।
जङ्घावल-श्रेणि -फलाम्बु-तंतु-प्रसून-बीजांकुर चारणाह्वाः।
नभोऽङ्गण-स्वैर-विहारिणश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।5।।
अणिम्नि दक्षाःकुशला महिम्नि, लघिम्निशक्ताः कृतिनो गरिम्णि।
मनो-वपुर्वाग्वलिनश्च नित्यं, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।6।।
सकामरूपित्व-वशित्वमैश्यं प्राकाम्य मंतर्द्धिमथाप्तिमाप्ताः।
तथाऽप्रतीघातगुण प्रधानाः स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः।।7।।
दीप्तं च तप्तं च तथा महोग्रं घोरं तपो घोरपराक्रमस्थाः।
ब्रह्मापरं घोरगुणाश्चरंतः स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः।।8।।
आमर्षसर्वौषधयस्तथाशीर्विषा विषा दृष्टिविषाविषाश्च।
सखिल्ल-विड्जल्लमलौषधीशाः,स्वस्तिक्रियासुपरमर्षयो नः।।9।।
क्षीरं स्रवन्तोऽत्रघृतं स्रवन्तो मधुस्रवंतोऽप्यमृतं स्रवन्तः।
अक्षीणसंवास महानसाश्च स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः।।10।।

(इति परम-ऋषिस्वस्ति मंगल विधानम्)

(इति पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

मूलनायक सहित समुच्चय पूजन

(स्थापना)

तीर्थंकर कल्याणक धारी, तथा देव नव कहे महान्।
देव-शास्त्र-गुरु हैं उपकारी, करने वाले जग कल्याण।।
मुक्ती पाए जहाँ जिनेश्वर, पावन तीर्थ क्षेत्र निर्वाण।
विद्यमान तीर्थंकर आदि, पूज्य हुए जो जगत प्रधान।।
मोक्ष मार्ग दिखलाने वाला, पावन वीतराग विज्ञान।
विशद हृदय के सिंहासन पर, करते भाव सहित आह्वान।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञान ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(शम्भू छंद)

जल पिया अनादि से हमने, पर प्यास बुझा न पाए हैं।
हे नाथ ! आपके चरण शरण, अब नीर चढ़ाने लाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल रही कषायों की अग्नि, हम उनसे सतत सताए हैं।
अब नील गिरि का चंदन ले, संताप नशाने आए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

गुण शाश्वत मम अक्षय अखण्ड, वह गुण प्रगटाने आए हैं।
निज शक्ति प्रकट करने अक्षत, यह आज चढ़ाने लाए हैं।।

जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्पों से सुरभि पाने का, असफल प्रयास करते आए।
अब निज अनुभूति हेतु प्रभु, यह सुरभित पुष्प यहाँ लाए।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

निज गुण हैं व्यंजन सरस श्रेष्ठ, उनकी हम सुधि बिसराए हैं।
अब क्षुधा रोग हो शांत विशद, नैवेद्य चढ़ाने लाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञाता दृष्टा स्वभाव मेरा, हम भूल उसे पछताए हैं।
पर्याय दृष्टि में अटक रहे, न निज स्वरूप प्रगटाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

जो गुण सिद्धों ने पाए हैं, उनकी शक्ति हम पाए हैं।
अभिव्यक्त नहीं कर पाए अतः, भवसागर में भटकाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः अष्टकर्मविध्वंसनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल उत्तम से भी उत्तम शुभ, शिवफल हे नाथ ना पाए हैं।
कर्मों कृत फल शुभ अशुभ मिला, भव सिन्धु में गोते खाए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव तथा, जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

पद है अनर्घ मेरा अनुपम, अब तक यह जान न पाए हैं।
भटकाते भाव विभाव जहाँ, वह भाव बनाते आए हैं।।
जिन तीर्थंकर नवदेव 'विशद', जिन देव शास्त्र गुरु उपकारी।
शिव सौख्य प्रदायक हैं जग में, हम पूज रहे मंगलकारी।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्योः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- प्रासुक करके नीर यह, देने जल की धार।
लाए हैं हम भाव से, मिटे भ्रमण संसार।। शान्तये शांतिधारा..

दोहा- पुष्पों से पुष्पाञ्जली, करते हैं हम आज।
सुख-शांति सौभाग्यमय, होवे सकल समाज।। पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

पञ्च कल्याणक के अर्घ

तीर्थंकर पद के धनी, पाए गर्भ कल्याण।
अर्चा करे जो भाव से, पावे निज स्थान।।1।।

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त मूलनायक....सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

महिमा जन्म कल्याण की, होती अपरम्पार।
पूजा कर सुर नर मुनी, करें आत्म उद्धार।।2।।

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्त मूलनायक....सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तप कल्याणक प्राप्त कर, करें साधना घोर।
कर्म काठ को नाशकर, बढ़ें मुक्ति की ओर।।3।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्त मूलनायक....सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रगटाते निज ध्यान कर, जिनवर केवलज्ञान।
स्व-पर उपकारी बनें, तीर्थंकर भगवान।।4।।

ॐ ह्रीं ज्ञानकल्याणकप्राप्त मूलनायक....सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आठों कर्म विनाश कर, पाते पद निर्वाण।
भव्य जीव इस लोक में, करें विशद गुणगान।।5।।

ॐ ह्रीं मोक्षकल्याणकप्राप्त मूलनायक....सहित सर्व जिनेश्वरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा- तीर्थंकर नव देवता, तीर्थ क्षेत्र निर्वाण।
देव शास्त्र गुरुदेव का, करते हम गुणगान।।

(शम्भू छन्द)

गुण अनन्त हैं तीर्थंकर के, महिमा का कोई पार नहीं।
तीन लोकवर्ति जीवों में, और ना मिलते अन्य कहीं।।
विंशति कोड़ा-कोड़ी सागर, कल्प काल का समय कहा।
उत्सर्पण अरु अवसर्पिण यह, कल्पकाल दो रूप रहा।।1।।
रहे विभाजित छह भेदों में, यहाँ कहे जो दोनों काल।
भरतैरावत द्वय क्षेत्रों में, कालचक्र यह चले त्रिकाल।।
चौथे काल में तीर्थंकर जिन, पाते हैं पाँचों कल्याण।
चौबिस तीर्थंकर होते हैं, जो पाते हैं पद निर्वाण।।2।।
वृषभनाथ से महावीर तक, वर्तमान के जिन चौबीस।
जिनकी गुण महिमा जग गाए, हम भी चरण झुकाते शीश।।
अन्य क्षेत्र सब रहे अवस्थित, हों विदेह में बीस जिनेश।
एक सौ साठ भी हो सकते हैं, चतुर्थकाल यहाँ होय विशेष।।3।।
अर्हन्तों के यश का गौरव, सारा जग यह गाता है।
सिद्ध शिला पर सिद्ध प्रभु को, अपने उर से ध्याता है।।
आचार्योपाध्याय सर्व साधु हैं, शुभ रत्नत्रय के धारी।
जैनधर्म जिन चैत्य जिनालय, जिनवाणी जग उपकारी।।4।।

प्रभु जहाँ कल्याणक पाते, वह भूमि होती पावन।
वस्तु स्वभाव धर्म रत्नत्रय, कहा लोक में मनभावन।।
गुणवानों के गुण चिंतन से, गुण का होता शीघ्र विकाश।
तीन लोक में पुण्य पताका, यश का होता शीघ्र प्रकाश।।5।।
वस्तू तत्त्व जानने वाला, भेद ज्ञान प्रगटाता है।
द्वादश अनुप्रेक्षा का चिन्तन, शुभ वैराग्य जगाता है।।
यह संसार असार बताया, इसमें कुछ भी नित्य नहीं।
शाश्वत सुख को जग में खोजा, किन्तु पाया नहीं कहीं।।6।।
पुण्य पाप का खेल निराला, जो सुख-दुःख का दाता है।
और किसी की बात कहें क्या, तन न साथ निभाता है।।
गुप्ति समिति धर्मादि का, पाना अतिशय कठिन रहा।
संवर और निर्जरा करना, जग में दुर्लभ काम कहा।।7।।
सम्यक् श्रद्धा पाना दुर्लभ, दुर्लभ होता सम्यक् ज्ञान।
संयम धारण करना दुर्लभ, दुर्लभ होता करना ध्यान।।
तीर्थंकर पद पाना दुर्लभ, तीन लोक में रहा महान्।
विशद भाव से नाम आपका, करते हैं हम नित गुणगान।।8।।
शरणागत के सखा आप हो, हरने वाले उनके पाप।
जो भी ध्याए भक्ति भाव से, मिट जाए भव का संताप।।
इस जग के दुःख हरने वाले, भक्तों के तुम हो भगवान।
जब तक जीवन रहे हमारा, करते रहें आपका ध्यान।।9।।

दोहा- नेता मुक्ति मार्ग के, तीन लोक के नाथ।
शिवपद पाने नाथ हम, चरण झुकाते माथ।।

ॐ ह्रीं अर्हं मूलनायक ..... सहित सर्व जिनेश्वर, नवदेवता, देव-शास्त्र-गुरु, सिद्धक्षेत्र, विद्यमान विंशति जिन, वीतराग विज्ञानेभ्यो अनर्घपदप्राप्त्ये जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- हृदय विराजो आन के, मूलनायक भगवान।
मुक्ति पाने के लिए, करते हम गुणगान।।

इत्याशीर्वादः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

प्रस्तावना : वास्तु विधान

अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय, सर्व साधु को करें नमन्।
इनकी पूजा वन्दन करने से, हो जाते कर्म शमन।।1।।

प्रभु की पूजा अर्चा से हो, भक्तों के मन में संतोष।
यह मानव जीवन बनता है, प्रभु की अर्चा से निर्दोष।।2।।

विघ्न और बाधाएँ मानव, जीवन में लाती हैं क्लेश।
इष्ट वियोग संयोग अनिष्ट से, होता भाई राग-द्वेष।।3।।

भूत-प्रेत कृत ग्रह बाधा से, वास्तु कृत उपद्रव होते।
आकुल व्याकुल होते मानव, तन-मन की सुध-बुध खोते।।4।।

पूर्वोपार्जित कर्म योग से, सुख-दुःख पाते हैं जग जीव।
किन्तु ग्रहादि बाधाओं से, बढ़ जाते हैं दुःख अतीव।।5।।

मूढ़ और अज्ञानी प्राणी, कई कुदेव आदि के पास।
देव-शास्त्र-गुरु की श्रद्धा तज, लेकर के जाते हैं आस।।6।।

यदि कुदेव कुछ दे सकते तो, निज भक्तों को देते दान।
किन्तु निर्धन दुखियारों से, भरा हुआ यह दिखे जहान।।7।।

निज के पुण्य पाप के फल से, प्राणी का जागे सौभाग्य।
अतः प्रभु की पूजा करके, अपना विशद जगाओ भाग्य।।8।।

सुख-शांति में हेतू बनता, प्राणी को यह वास्तु विधान।
विघ्न नाश हो जाते उनके, जो रखता है सद् श्रद्धान।।9।।

एक ऊन पञ्चाशत होते, सारे जग में वास्तु देव।
वास्तु विधि बिगड़ जाने पर, दुखकर होते यही सदैव।।10।।

बाधाओं से बचने हेतू, वर्ष में दो यह करो विधान।
शुद्धिपूर्वक पूजा करके, यश पाओ जग में सम्मान।।11।।

वास्तु विधान कब करें ?

कलह निरन्तर गृह में हो यदि, आज्ञा नहीं मानते लोग।
बिल्ली कुत्ता रोये गृह में, काग सर्प उल्लू का योग।।1।।
मधु मक्खी का लागे छत्ता, तड़ित अग्नि का होय प्रकोप।
टोना टोटक हड्डी आदि, सुख-शांति, का कर दे लोप।।2।।
णमोकार या भक्तामर का, शुभ अखण्ड करवाना पाठ।
वास्तु देव की पूजा से फिर, हो जाएँगे ऊँचे ठाठ।।3।।
मण्डल की रचना करके शुभ, भक्ति भाव से करो विधान।
सुख-शांति सौभाग्य जगेगा, मन में यह रखना श्रद्धान।।4।।
शांति हवन कर पुण्याहवाचन, यथा शक्ति करके शुभ दान।
इच्छा मन की होगी पूरी, करके जिन चरणों का ध्यान।।5।।
जिनवर कथित धर्म ये पावन, सारे जग में मंगलकार।
रक्षा करता है तन-मन की, सुख-शांति प्रगटाए अपार।।6।।
भूमि शुद्धि या शिलान्यास हो, तब भी करना वास्तु विधान।
हो नवीन गृह में प्रवेश या, खोले कोई नई दुकान।।7।।
आत्म घात हो सूतक हो या, रंग रोगन का कीन्हा काम।
हो विवाह आदि का अवसर, यज्ञ का होवे पूर्ण विराम।।8।।
वार्षिक अर्द्धवार्षिक पूजा, में यह करना वास्तु विधान।
श्री जिनेन्द्र की अनुकम्पा से, होगी सब विघ्नों की हान।।9।।
खाली कभी नहीं जाती है, भक्तों की पूजा गुणगान।
'विशद' भाव से अर्चा करके, अपना करो शीघ्र कल्याण।।10।।
श्रद्धा युत जिनवर की पूजा, मोक्ष मार्ग भी करें प्रदान।
सुख-शांति सौभाग्य प्रदायक, देती है जो पद निर्वाण।।11।।

अथ वलय पूजा

दोहा- पुष्पाञ्जलि के साथ अब, अर्घ्यों का प्रारम्भ।
करते भक्ति भाव से, शांति हो आरम्भ।।

मण्डलस्योपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

अर्घ्यावली

जो अखण्ड अविनाशी अनुपम, नित्य निरन्जन हैं अविकार।
सिद्ध शुद्ध त्रैकालिक शाश्वत्, विशद ज्ञानधारी शुभकार।।
निर्विकार चैतन्य स्वभावी, ज्ञाता दृष्टा सद्गुणवान।
ज्ञायक अव्याबाध स्वभावी, सिद्धों का करते गुणगान।।1।।

ॐ ह्रीं वास्तु दोष निवारणाय अनन्तानन्त सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिशाओं के बीजाक्षर सहित 8 अर्घ्य

(शम्भू छन्द)

जिन तीर्थंकर जिनवरवाणी, गणधर ऋषियों के पद वन्दन।
सब दोष निवारण करने को, शुभ वास्तु विधान का है अर्चन।।
आरोग्य निराकुल जीवन हो, सुख शांति सम्पदा हम पावें।
वसु द्रव्यों से पूजा करते, न भव वन में अब भटकावें।।

ॐ ह्रीं अर्हं वास्तु दोष निवारणाय देव-शास्त्र-गुरुभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(चौपाई)

प्रथम मातृका में स्वर गाए, जिनवर की वाणी कहलाए।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं अ इ उ ऋ लृ वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

क ख ग घ वर्ण बताए, द्वितिय मातृका जिनवर गाए।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं क ख ग घ वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

च छ ज झ हैं शुभकारी, तृतीय मातृका मंगलकारी।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं च छ ज झ वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ट ठ ड ढ़ अक्षर भाई, श्रेष्ठ मातृका चौथी भाई।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं ट ठ ड ढ वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

त थ द ध अक्षर गाए, पंचम मातृका के बतलाए।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं त थ द ध वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प फ ब भ रहे निराले, अक्षर छठी मातृका वाले।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं प फ ब भ वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

य र ल व अक्षर जानो, सप्तम श्रेष्ठ मातृका मानो।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं य र ल व वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऊष्मक श ष स ह हैं भाई, श्रेष्ठ मातृका अष्टम गाई।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श ष स ह वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट मातृकाएँ यह जानो, शब्द ब्रह्ममय जो पहिचानो।
वास्तु दोष से शांति दिलाएँ, अतः भाव से अर्घ्य चढ़ाएँ।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं दिशागत वास्तुदोष निवारणाय अरहन्त देवाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दश दिशागत विघ्न निवारक

दोहा- पूर्व दिशागत विघ्न का, क्षण में होय विनाश।
जिन पूजा से शांति हो, पूरी होवे आश।।1।।

ॐ ह्रीं सर्व दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आग्नेय के विघ्न का, क्षण में होय विनाश।
सुख-शांति सौभाग्य का, होवे शीघ्र प्रकाश।।2।।

ॐ ह्रीं आग्नेय दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दक्षिण दिश के विघ्न का, रहे न नाम निशान।
श्री जिनेन्द्र का भाव से, करो विशद गुणगान।।3।।

ॐ ह्रीं दक्षिण दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विघ्न दिशा नैऋत्य से, बाधा करें विशेष।
श्री जिनेन्द्र के जाप से, रहे कोई न शेष।।4।।

ॐ ह्रीं नैऋत्य दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम से आते विघ्न, जिनका नहीं है पार।
देव शास्त्र गुरु अर्चना, से होवे संहार।।5।।

ॐ ह्रीं पश्चिम दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विघ्न दिशा वायव्य से, आते अपरम्पार।
जिन गुरु के आशीष से, मिलता उनसे पार।।6।।

ॐ ह्रीं वायव्य दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तर दिशा का विघ्न भी, जिन पूजा से जाय।
मानव खुश होके सदा, अतिशय हर्ष मनाय।।7।।

ॐ ह्रीं उत्तर दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विघ्न दिशा ईशान से, करें सुखों में हान।
श्रद्धा हो जिन धर्म में, जीवन बने महान्।।8।।

ॐ ह्रीं ईशान दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऊर्ध्व दिशागत विघ्न भी, मन में क्षोभ दिलाय।
जिन पूजा से मुक्ति नर, सब विघ्नों से पाय।।9।।

ॐ ह्रीं ऊर्ध्व दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अधो दिशा के विघ्न सब, करते हमें अशांत।
जिन पूजा से वह सभी, हो जाते उपशांत।।10।।

ॐ ह्रीं अधो दिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– सर्व दिशागत दोष का, होवे पूर्ण विनाश।
सुख शांति सौभाग्य हो, पूर्ण शुभ आस।।

ॐ ह्रीं सर्वदिशागत विघ्न निवारक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नवग्रह निवारक (जोगीरासा)

रवि ग्रह श्रेष्ठ प्रतापी जानो, यश कीर्ति उपजावे।
राशी मध्य बली जब होवे, कीर्ति पूर्ण नशावे।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।1।।

ॐ ह्रीं सूर्यग्रहारिष्ट निवारक श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्द्र समान सुउज्ज्वल कीर्ति, चन्द्र सुग्रह फैलाए।
राशि में बक्री बनकर के, उल्टा असर दिखाए।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।2।।

ॐ ह्रीं चन्द्रग्रहारिष्ट निवारक श्री चन्द्रप्रभु जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मंगल ग्रह मंगलमयी जानो, जग में मंगलकारी।
वक्री बन जाए राशि में, बने अमंगलकारी।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।3।।

ॐ ह्रीं मंगलग्रहारिष्ट निवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ स्थान प्राप्त कर, बुध ग्रह बुद्धिमान बनाए।
ज्योतिष लेखक वाद कुशलता, शब्द कुशलता पाए।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।4।।

ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्ट निवारक श्री विमलादि अष्ट जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गुरु ग्रह महिमाशाली माया, गुरुतम पद दिलवाए।
सच्चारित्र वान सद्धर्मी, शुभ स्थान दिलाए।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।5।।

ॐ ह्रीं गुरुग्रहारिष्ट निवारक श्री ऋषभादि अष्ट जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व.स्वाहा।

काव्य कवि ऐश्वर्य सरलता, वात्सल्य गुण पाए।
शुक्र रहे राशि में वक्री, तो अपयश फैलाए।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।6।।

ॐ ह्रीं शुक्रग्रहारिष्ट निवारक श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मृत्यु संकट सेवक तस्कर, क्रूर प्रवृत्ति करवाए।
शुभ स्थान मिले राशि में, तो बहु यश फैलाए।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।7।।

ॐ ह्रीं शनिग्रहारिष्ट निवारक श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

राहु ग्रह कटु वक्ता रोगी, दुष्ट प्रवृत्ति कराए।
नर को विधु नारी को विधवा, जैसे दुःख दिलाए।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।8।।

ॐ ह्रीं राहुग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

केतु ग्रह वक्री बनकर के, अतिशय दुःखी बनाएँ।
तंत्र मंत्र जादू टोना कृत, दर्द घाव भी पाएँ।।
जिन भक्तों का साथ निभाता, जो सौभाग्य जगाए।
रवि समान कीर्ति मानव की, चहुँ दिश में फैलाए।।9।।

ॐ ह्रीं केतुग्रहारिष्ट निवारक श्री मल्लि-पार्श्व जिनेन्द्राभ्यां अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थंकर के गुण की महिमा, आज यहाँ पर हम गाते।
नवग्रह की पीड़ा से बचने, हे प्रभु ! चरणों सिर नाते।।
वास्तु दोष दूर हों सारे, यही भावना हम भाते।
'विशद' शांति सौभाग्य जगाने, अर्घ्य चढ़ाने हम आते।।10।।

ॐ ह्रीं सर्व ग्रहारिष्ट निवारक चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नवदेवता के अर्घ्य *(शम्भू छंद)*

कर्म घातिया नाश किए जिन, दोष अठारह रहित महान।
करुणाकर हैं जगत हितैषी, मंगलमय अर्हत् भगवान।।1।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ अनन्त भवार्णव भय निवारक श्री अर्हत् परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्य भाव नोकर्म नाशकर, उत्तम पद पाए निर्वाण।
अविनाशी अक्षय अखण्ड पद, पाए श्री सिद्ध भगवान।।2।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ अनन्त भवार्णव भय निवारक श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचाचार समीति गुप्ति, आवश्यक तप तपें महान्।
जैनाचार्य धर्म के धारी, त्रिभुवन गुरु कहे गुणवान।।3।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ अनन्त भवार्णव भय निवारक श्री आचार्य परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ग्यारह अंग पूर्व चौदह के, ज्ञाता जग में रहे प्रधान।
स्व-पर के उपकार हेतू जो, देते सबको सम्यक् ज्ञान।।4।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ अनन्त भवार्णव भय निवारक उपाध्याय परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञान ध्यान तप में रत रहते, रत्नत्रय धारी गुणवान।
परम दिगम्बर निर्भय साधु, जैन धर्म की अनुपम शान।।5।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ अनन्त भवार्णव भय निवारक श्री साधु परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

परम अहिंसामयी धर्म की, महिमा जो भी गाते हैं।
सुख शांति सौभाग्य प्राप्त कर, मोक्ष महल को जाते हैं।।6।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ जिनधर्म अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐकारमय जिनवाणी को, अपने हृदय सजाते हैं।
विशद ज्ञान के धारी बनकर, केवलज्ञान जगाते हैं।।7।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ जैनागम अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कृत्रिमाकृत्रिम जिनबिम्बों की, अर्चा करते बारम्बार।
अल्पकाल में भव्य जीव वह, शिवपद पाते अपरम्पार।।8।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ जिनचैत्य अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कृत्रिमाकृत्रिम जिनचैत्यालय, तीन लोक में रहे महान्।
अष्ट द्रव्य से पूजा करके, गाते हैं प्रभु का गुणगान।।9।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ जिनचैत्यालय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– नव देवों के चरण की, पूजा है शुभकार।
सुत सम्पत्ती प्राप्त कर, होवें भव से पार।।10।।

8 ऋद्धि के अर्घ्य *(चाल छंद)*

है बुद्धि ऋद्धि शुभकारी, इस जग में मंगलकारी।
सुख ऋद्धि सिद्धि दिलवाए, जीवों में ज्ञान जगाए।।1।।

ॐ ह्रीं बुद्धि ऋद्धि प्राप्त सर्व मुनीश्वरेभ्योः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है ऋद्धि विक्रिया भाई, सारे जग में सुखदायी।
सुख ऋद्धि सिद्धि दिलवाए, जीवों में ज्ञान जगाए।।2।।

ॐ ह्रीं विक्रिया ऋद्धि प्राप्त सर्व मुनीश्वरेभ्योः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हैं क्रिया ऋद्धि के धारी, ज्ञानी मुनिवर सुखकारी।
सुख ऋद्धि सिद्धि दिलवाए, जीवों में ज्ञान जगाए।।3।।

ॐ ह्रीं क्रिया ऋद्धि प्राप्त सर्व मुनीश्वरेभ्योः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तप ऋद्धि मुनिवर पाते, तप करके कर्म नशाते।
सुख ऋद्धि सिद्धि दिलवाए, जीवों में ज्ञान जगाए।।4।।

ॐ ह्रीं तप ऋद्धि प्राप्त सर्व मुनीश्वरेभ्योः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बल ऋद्धि भूषित स्वामी, मुनिवर पाते शिवगामी।
सुख ऋद्धि सिद्धि दिलवाए, जीवों में ज्ञान जगाए।।5।।

ॐ ह्रीं बल ऋद्धि प्राप्त सर्व मुनीश्वरेभ्योः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

औषधि ऋद्धि जो पावें, शिवपुर गामी कहलावें।
सुख ऋद्धि सिद्धि दिलवाए, जीवों में ज्ञान जगाए।।6।।

ॐ ह्रीं औषधि ऋद्धि प्राप्त सर्व मुनीश्वरेभ्योः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऋद्धि अक्षीण कहाएँ, जो जैन ऋषि प्रगटाएँ।
सुख ऋद्धि सिद्धि दिलवाए, जीवों में ज्ञान जगाए।।
रस ऋद्धि मुनिवर पावें, नीरस को सरस बनावें।
यह अष्ट ऋद्धियाँ पावें, अनगारी शिवपुर जावें।

ॐ ह्रीं क्षां क्षीं क्षं क्षौं प्राप्त सर्व मुनीश्वरेभ्योः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा। ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ नवदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विशेष अर्घ्य

दोहा– शांति मंत्र यह लोक में, करता शांति प्रदान।
करे जाप जो भाव से, हो उसका कल्याण।।

ॐ नमोऽर्हते भगवते प्रक्षीणाशेष दोष कल्मषाय दिव्य तेजोमूर्तये नमः श्री शान्तिनाथ शान्तिकराय सर्वविघ्न प्रणाशनाय सर्व रोगापमृत्यु विनाशनाय सर्व पर कृच्छ्रद्रोपद्रव विनाशनाय सर्व क्षामडामर विघ्न विनाशनाय (...) ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः मम सर्व देशस्य सर्व राष्ट्रस्य सर्व संघस्य तथैव सर्व शान्ति तुष्टिं पुष्टिं च कुरु–कुरु जलादि अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वास्तु दोष से पीड़ित प्राणी, दीन–हीन हो रहते हैं।
पाप कर्म से आधि–व्याधि कई, देवोंकृत दुख सहते हैं।।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा से सब, वास्तु देव खुश हो जाते।
रक्षा करते क्षेत्रपाल तब, खुश हो देव वहाँ आते।।1।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ चतुर्विंशति जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वृषभादिक महावीर प्रभु के, गणधर जग में हुए महान्।
तीर्थंकर की दिव्य देशना, का करते हैं जो गुणगान।।
वृषभसेन आदिक चौदह सौ, बावन हुए हैं मंगलकार।
उनके चरणों 'विशद' भाव से, वन्दन मेरा बारम्बार।।2।।

ॐ ह्रीं वृषभादि महावीर पर्यन्त चतुर्विंशति तीर्थंकरों के चर्तुदश शत् द्विपञ्चाशत गणधरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भक्तामर के पाठ से, ऋद्धि वृद्धि हो प्राप्त।
वास्तु विधान के अर्चते, हो शिव सुख सम्प्राप्त।।3।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ भक्तामर स्तोत्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सहस्रनाम की अर्चना, भू गत विघ्न नशाय।
करके वास्तु विधान शुभ, सुख शांति प्रगटाय।।4।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ सहस्रनाम स्तोत्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कल्याणक तीर्थेश के, होते मंगलकार।
वास्तु की पूजा किए, हो सुख के आधार।।5।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ पंचकल्याणक अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थ क्षेत्र निर्वाण शुभ, एवं अतिशयकार।
करके वास्तु विधान जो, बने श्री दातार।।6।।

ॐ ह्रीं वास्तुदोष निवारणार्थ अतिशय निर्वाण क्षेत्रेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री जिनेन्द्र के नाम मंत्र से, वृद्धि पाते जग के लोग।
वर्धमान शुभ मंत्र जाप से, वर्धमानता का हो योग।।7।।

ॐ ह्रीं णमो भयवदो वड्ढमाणस्स रिसहस्स चक्कं जलंतं गच्छइ आयासं पायालं लोयाणं भूयाणं जयेवा विवादेवा थंभणे वा, रणंगणं वा, रायंगणे वा, मोहेण वा, सव्वजीवसत्ताणं, अपराजिदो भवदुरक्खं रक्ख अर्घ्यं स्वाहा।

बीजाक्षर से निर्मित होते, रक्षाकारी मंत्र महान्।
संकट में जो पढ़े भाव से, उनकी रक्षा होय प्रधान।।8।।

ॐ ह्रूँ क्षूं फट् किरिटं किरिटं घातय घातय परविघ्नान् स्फोटय स्फोटय सहस्र खण्डान् कुरु कुरु परमुद्रां छिन्द-छिन्द परमंत्रान् भिन्द-भिन्द क्षाः क्षः वाः वाः वास्तुदोष निवारणाय ह्रूँ फट् स्वाहा।

कलिकुण्ड का मंत्र श्रेष्ठ शुभ, श्रेष्ठ सौख्य उपजाता है।
भाव शुद्ध हो जाप करे जो उसके विघ्न नशाता है।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं कलिकुण्ड श्री पार्श्वनाथाय धरणेन्द्र पद्मावती सेविताय अतुल बल वीर्य पराक्रमाय ममात्मविद्यां रक्ष रक्ष परविद्यां छिंद-छिंद भिंद-भिंद स्फ्रां स्फ्रीं स्फ्रूं स्फ्रौ स्फ्रः वास्तु दोष निवारणाय ह्रूँ फट् स्वाहा।

णमोकार है महामंत्र शुभ, मृत्युञ्जय कहलाता है।
महामंत्र को ध्यानेवाला, श्रीपति शिवपद पाता है।।10।।

ॐ ह्रीं णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं, वास्तु दोष निवारणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन चरणों के भक्त यहाँ पर, वास्तु देव तुम भी आओ।
भक्ति भाव से पूजा करके, प्रभु के गुण अनुपम गाओ।।11।।

ॐ ह्रीं वास्तुदेव विघ्न निवारणाय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मन वचन काय हो अन्तर्मुख, विषयों से मन अब हट जाए।
शुभ पद अनर्घ्य पाने हेतु, यह अर्घ्य बनाकर हम लाए।।
हम सप्त ऋषि की पूजाकर, अपना सौभाग्य जगाऐंगे।
अब छोड़ के यह संसार वास, सीधे शिवपुर को जाऐंगे।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं मन्वादि सप्त ऋषिभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दुर्मुहूर्तादि के अर्घ्य
(विष्णुपद छंद)

दुर्मुहूर्त शकुनादि से हों, बाधाएँ भारी।
महामंत्र के जाप से नशती, हैं बाधा सारी।।1।।

ॐ ह्रीं दुर्मुहूर्त निवारणाय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूत-पिशाच शाकिनी डाकिन, करें विघ्न भारी।
जिनवर की अर्चा से वह भी, बनते हितकारी।।2।।

ॐ ह्रीं शाकिनी डाकिनी निवारणाय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आधि-व्याधि बाधाएँ होती, जग में दुःखदायी।
वह भी बाधा जिन भक्ति से, नश जाए भाई।।3।।

ॐ ह्रीं आधि-व्याधि निवारणाय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

परकृत तंत्र मंत्र आदि से, कष्ट सहे भारी।
जिन अर्चा से वह बाधाएँ, नशती हैं सारी।।4।।

ॐ ह्रीं तंत्र-मंत्र निवारणाय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विघ्नों के कारण गृह व मन में, हो क्लेश भारी।
आत्म घातकर लेते हैं कई, अतिशय भयहारी।।5।।

ॐ ह्रीं विघ्न निवारणाय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हो शांति सर्वत्र लोक में, हों निरोग प्राणी।
मैत्री हो जन-जन में भाई, कहें मधुर वाणी।।6।।

ॐ ह्रीं सर्वविघ्नोपशान्ताय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

धन वैभव न क्षीण हो, सुख शांति न क्षीण।
भाँति-भाँति के सुख बढ़े, कभी न होवे दीन।।7।।

ॐ ह्रीं धनधान्य वृद्धि समृद्धि करणाय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वजन सभी अनुकूल हों, रहें लघु स्थान।
बने महालय पुण्य से, पूजा किये महान्।।8।।

ॐ ह्रीं पुत्र-पौत्रादि स्वजन अनुकूलय आरोग्य वृद्धिकराय श्री परम सिद्धेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हो विकार पृथ्वी में कोई, या होवे यदि सलिल प्रवेश।
अग्नि का हो दाह कदाचित, वायु प्रकोप जिनगृह के देश।।
चौर प्रयोग आदि से रक्षा, आके करो वास्तु के देव।
चैत्यालय यजमान गृहों में, ठहरो रक्षा हेतु सदैव।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्षः णमो अरिहंताणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चउविध संघ और श्रावक सब, सुख समृद्धि पावें।
अष्ट ऋद्धियाँ धन वैभव पा, केवलज्ञान उपावें।।10।।

ॐ ह्रीं चतुर्विध संघस्य शांतिं तुष्टिं पुष्टिं वृद्धिं समृद्धिं प्रदाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जन्म मरण से विरहित हैं जो, सर्व तत्त्व के ज्ञाता।
चरण वंदना से मिट जाती, भव की पूर्ण असाता।।11।।

ॐ ह्रीं भूर्भुव स्वः नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन पूजन चिन्तामणि जानो, चिंतित सुख उपजावे।
धर्म ध्यान अरु धन समृद्धि, सबको श्रेष्ठ दिलावे।।12।।

ॐ ह्रीं क्रों आं अनुत्पन्नानां द्रव्याणामुत्पादकाय उत्पन्नानां द्रव्याणां वृद्धिंकराय चिन्तामणि पार्श्वनाथाय नमः स्वाहा।

क्षेत्र के रक्षक क्षेत्रपाल हैं, आज्ञा लेना है अनिवार्य।
देकर भेंट काम जो करते, सफल शीघ्र होता वह कार्य।।13।।

ॐ आं क्रौं अत्रस्थ विजयभद्र-वीरभद्र-मणिभद्र,भैरवापराजित ! पंच क्षेत्रपाला इदं अर्घ्यं पाद्यं गंधं दीपं धूपं चरुं बलिं स्वस्तिकं अक्षत यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यातामिति स्वाहा।

वास्तु देव पूजा

पूजा से जिनराज की, होवें विघ्न विनाश।
वास्तु देव इन्द्रादि सब, बनें चरण के दास।।

ॐ ह्रीं श्री भूःस्वाहा। (पुष्पांजलि क्षिपेत्)

(1) इन्द्रदेव पूजा

कहा वास्तु का देव इन्द्र है, विघ्न कई उपजावे।
जिन अर्चा करने से वह भी, चरणों में झुक जावे।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजावे।।2।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं सुवर्ण वर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे अग्निदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
ॐ ह्रीं इन्द्राय स्वाहा, इन्द्र परिजनाय स्वाहा, इन्द्र अनुचराय नमः, वरुणाय नमः, सोमाय स्वाहा, प्रजापतये स्वाहा, ॐ स्वाहा। ॐ भूः स्वाहा, भुवः स्वाहा, भूर्भुव स्वाहा, स्वः स्वाहा, स्वधा स्वाहा। हे इन्द्रदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं, जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलि, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ कोष्ट, उपलेट, फूल चढ़ाएँ।

(2) ब्रह्मदेव पूजा

वास्तु देव है ब्रह्म अनोखा, महिमा को कह पावे।
भक्तों का सब दुःख नशाए, शांति सौख्य दिलावे।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजावे।।1।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं रक्तवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे ब्रह्मन् ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

बलि मंत्र

ॐ ह्रीं ब्रह्मणे स्वाहा, ब्रह्म परिजनाय स्वाहा, ब्रह्म अनुचराय नमः, वरुणाय नमः,

सोमाय स्वाहा, प्रजापतये स्वाहा, ॐ स्वाहा। ॐ भूः स्वाहा, भुवः स्वाहा, भूर्भुव स्वाहा, स्वः स्वाहा, स्वधा स्वाहा। हे ब्रह्मण ! इदमर्घ्यं पाद्यं, जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। **(बलि से अर्थ देव योग्य भोज्य सामग्री से लिया गया है।)**

(शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्)

नोट– अर्घ्य के साथ चावल की धानी, घी, शक्कर, खीर और तगर चढ़ाएँ इस प्रकार आगे भी जिस–जिस देव के जो–जो भक्ष्य पदार्थ हैं उन्हें उनके कोठों पर अर्घ्य के साथ चढ़ाएँ तथा प्रत्येक अर्घ्यं के साथ ध्वजा लें। इस प्रकार 49 कोठों पर ही चढ़ाएँ

(3) अग्निदेव पूजा

अग्नि देव विघ्न उपजाकर, मन में खेद बढ़ावे।
पूजा करने से जिनवर की, दास बने झुक जावे।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजावे।।3।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं रक्तवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे अग्निदेव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे अग्निदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं, जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ दूध, घी, तगर चढ़ाएँ।

(4) यमदेव पूजा

यम है वास्तु देव निराला, इस जग में दुःखदायी।
जिन पूजा से वह भी चरणों, में झुक जावे भाई।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजावे।।4।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं रक्तवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे यमदेव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे यमदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं, जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ तिल का चूर्ण, तुअर का बाकरा चढ़ाएँ।

(5) नैऋत्यदेव पूजा

वास्तु देव नैऋत्य जरा भी, शांति न होने देवें।
जीवन की सारी खुशियों को, क्षणभर में हर लेवे।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजावे।।5।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं नीलवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे नैऋत्यदेव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे नैऋत्यदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ तिल का तेल, तिल की पापड़ी चढ़ाएँ।

(6) वरुणदेव पूजा

वरुण देव को खुश करना, तो कठिन रहा है भारी।
देव शास्त्र गुरु की पूजा से, हो जाए उपकारी।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजावे।।6।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं सुवर्ण वर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे वरुणदेव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे वरुणदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ धाणी, दूध पाक (रबड़ी), खीर चढ़ाएँ।

(7) पवनदेव पूजा

वास्तु देव पवन की शक्ति, सबकी जानी मानी।
जिन पूजा कर खुश करने से, कभी करे न हानी।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजावे।।7।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं सुवर्ण वर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे पवनदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे पवनदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ पिसी हल्दी चढ़ाएँ।

(8) कुबेरदेव पूजा

वास्तु देव स्वयं खुश होकर, इच्छित वस्तु दिलावे।
सुख-शांति आनन्द सुयश वह, मानव को उपजावे।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजावे।।8।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं सुवर्ण वर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे कुबेरदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे कुबेरदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ दूध में मिलाया हुआ भात चढ़ाएँ।

(9) ईशानदेव पूजा

वास्तु देव ईशान कुपित हो, भारी खेद बढ़ावे।
पूजा करने से जिनवर की, वह भी खुश हो जावे।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजावे।।9।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं शुभ्रवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे ईशानदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे ईशानदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ घी, क्षीरान्न चढ़ाएँ।

(10) आर्यदेव पूजा

कर्मोदय से आर्य वस्तु भी, खेद बढ़ावे भारी।
जिन पूजा करने से वह भी, बन जावे उपकारी।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजावे।।10।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं शुभ्रवर्ण सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे आर्यदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे आर्यदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ मैदा का घूगरा और फल चढ़ाएँ।

(11) विवस्वानदेव पूजा

विवस्वान वास्तु देता है, लोगों को दुःख भारी।
जिन अर्चा से खुश हो जावे, होवे मंगलकारी।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ावे।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजावे।।11।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं रक्तवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे विवस्वान देव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे विवस्वान देव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ उड़द की घूंगरी तिल चढ़ाएँ।

(12) मित्रदेव पूजा

मित्र नाम है वास्तु देव का, श्रेष्ठ मित्र उसका बन जाय।
जो जिनवर की करे अर्चना, उसके सारे दोष नशाय।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजाती है।।12।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं सुवर्ण वर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे मित्रदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे मित्रदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ 'मैदा की भुजिया' चढ़ाएँ।

(13) भूधरदेव पूजा

वास्तु देव का नाम है भूधर, जो भारी उत्पात मचाये।
जो जिनवर की करे अर्चना, उसके सारे कष्ट नशाय।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजाती है।।13।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं कृष्णवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे भूधरदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे भूधरदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ दूध चढ़ाएँ।

(14) सविन्द्रदेव पूजा

वास्तु देव सविन्द्र कहाए, देता है लोगों को त्रास।
जिनवर हैं आराध्य देव की, पूजा से बन जाए दास।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजाती है।।14।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं नीलवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे सविन्द्रदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे सविन्द्रदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ चावल की धाणी और धनिये की धाड़ी चढ़ाएँ।

(15) साविन्द्रदेव पूजा

वास्तु देव साविन्द्र कहाए, मन में उपजाए संताप।
जिन अर्चा करने से खुश हो, भक्तों के सब मैटे ताप।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजाती है।।15।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं धूम्रवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे साविन्द्रदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे साविन्द्रदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ कपूर, कश्मीर केशर, लवंग आदि सुगन्धित द्रव्यों से मिश्रित फल चढ़ाएँ।

(16) इन्द्रदेव पूजा

इन्द्र वास्तु की महिमा अनुपम, जिसकी रही निराली शान।
जिन भक्तों को सुखी बनाए, करके जो सहयोग महान्।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख-शांति उपजाती है।।16।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं रक्तवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे इन्द्रदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे इन्द्रदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ मूँग का चूर्ण और फूल चढ़ाएँ।

(17) इन्द्रराजदेव पूजा

इन्द्रराज को सभी जानते, होय कुपित तो दुखी करे।
जिन अर्चा से खुश हो जाए, लोगों के सब दुःख हरे।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजाती है।।6।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं श्वेतवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे इन्द्रराजदेव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे इन्द्रराजदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ चावल के बड़े और मूँग का चूर्ण चढ़ाएँ।

(18) रुद्रदेव पूजा

वास्तु देव है रुद्र अनोखा, आर्त्त रौद्र करते परिणाम।
जिन पूजन की सेवा में जो, तत्पर रहता आठों याम।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजाती है।।18।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं प्रवालवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे रुद्रदेव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे रुद्रदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ गुड़, मैदा का घूगरा चढ़ाएँ।

(19) रुद्रराजदेव पूजा

दुष्ट देव है रूद्रराज अति, सुख शांति का करे विनाश।
जिन पूजा जो करे भाव से, मित्र बने उसका जो खास।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजाती है।।19।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं पीतवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे रुद्रराजदेव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे रुद्रराजदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ गुड़, चावल का आटा, अम्बोली (इमली) चढ़ाएँ।

(20) आप्देव पूजा

आप् नाम है वास्तु देव का, उपजावे भारी संताप।
जिन भक्तों के हरने वाला, होता है जो सारे ताप।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजाती है।।20।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं श्वेतवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे आप्देव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे आप्देव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ गुड़, चावल, आटा, सफेद कमल, अम्बोली चढ़ाएँ।

(21) आपवत्स देव पूजा

आपवत्स है वास्तु देव का, नाम जहाँ में दुखहारी।
जिन पूजा करने से वह भी, साथी बनता सुखकारी।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा भाई, अतिशय पुण्य बढ़ाती है।
विघ्न नाश हो जावें सारे, सुख–शांति उपजाती है।।21।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं शंखवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे आपवत्स देव ! अत्र आगच्छ–आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ–तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।
हे आपवत्स देव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे–यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ गुड़, चावल का आटा, सफेद कमल, शंख, अम्बोली चढ़ाएँ।

(22) पर्जन्यदेव पूजा

दोहा– वास्तु देव पर्जन्य भी, करे खूब उत्पात।
पूजा जिनवर की करे, तो हर ले संताप।।22।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं जलवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे पर्जन्य देव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे पर्जन्य देव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ घी चढ़ाएँ।

(23) जयन्तदेव पूजा

दुखी करे इस लोक में, वास्तु देव जयन्त।
जिन अर्चा जो भी करे, दुःखों का हो अन्त।।23।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं कृष्णवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे जयन्त देव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे जयन्त देव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ ताजा मक्खन चढ़ाएँ।

(24) भास्करदेव पूजा

भास्कर वास्तु देव का, दुःख देना है काम।
जिन पूजा जो भी करे, रहे न दुःख का नाम।।24।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं श्वेतवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे भास्कर देव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे भास्कर देव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ गुड़ और सफेद फूल चढ़ाएँ।

(25) सत्यक् देव पूजा

वास्तु देव है सत्य जो, वह भी है दुखकार।
सत्य धर्म को धारिए, होंगे सब दुःख क्षार।।25।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं श्यामवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे सत्यक् देव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे सत्यक् देव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ ताजा मक्खन चढ़ाएँ।

(26) भृषदेव देव पूजा

वास्तु देव भृष जीव को, देता भारी त्रास।
जिन पूजा से त्रास का, क्षण में होय विनाश।।26।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं पुष्पवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे भृषदेव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

हे भृषदेव ! इदमर्घ्यं पाद्यं जलं, गंधं, अक्षतं, पुष्पं, दीपं, धूपं, चरुं, बलिं, फलं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे-यजामहे प्रतिगृह्यताम् प्रतिगृह्यताम् इति अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा। (शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्) अर्घ्य के साथ ताजा मक्खन का गोला चढ़ाएँ।

(27) अन्तरिक्षदेव पूजा

वास्तु देव अन्तरिक्ष का, लेना दुखकर नाम।
जिन अर्चा में साथ वह, आकर करे प्रणाम।।27।।

ॐ आं क्रौं ह्रीं कुंदवर्णे सम्पूर्ण लक्षण स्वायुध वाहन वधु चिह्न सपरिवार हे अन्तरिक्ष देव ! अत्र आगच्छ-आगच्छ, स्वस्थाने तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।

